प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा है कि यदि वर्ष 2029 में लोकसभा और विभिन्न विधानसभाओं के चुनाव, महिला आरक्षण के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ कराए जाते हैं तो भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा। देश की महिलाओं को लिखे एक पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा कि जब महिलाएं नीति–निर्माण और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करेंगी तब विकसित भारत की यात्रा और अधिक सशक्त एवं तेज होगी। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए विधायी निकायों में उनकी हिस्सेदारी बढ़ना उचित है।

****

राज्यपाल संतोष गंगवार से आज राँची स्थित लोक भवन में अग्निशमन विभाग के महानिदेशक एम.एस. भाटिया ने भेंट की और अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर उन्हें बैज लगाया। इस मौके पर राज्यपाल ने आपदा के समय अग्निशमन कर्मियों के साहस की सराहना करते हुए, आम नागरिकों से अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक और सजग रहने की अपील की। इधर, राँची विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा ने भी आज राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

****

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह में डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर दलितों और वंचितों का विकास किया जा सकता है।

इधर, जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक सरयू रॉय ने आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर साकची स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को एक मजबूत और समावेशी संविधान दिया, जो आज भी देश की आधारशिला है।

****

सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिभारित वाहनों के लिए शुल्क वसूली को सुदृढ़ और तर्कसंगत बनाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क चौथा संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन का उद्देश्य निर्धारित भार सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करना, सड़क सुरक्षा बढ़ाना और राजमार्ग अवसंरचना की रक्षा करना है। संशोधित नियम कल से लागू होंगे।

****

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम, आईआरसीटीसी छह ज्योतिर्लिंग और शिरडी दर्शन करने के लिए विशेष ट्रेन चलाने जा रहा है। निगम के पर्यटन प्रभारी अरविन्द चौधरी ने बताया कि यह यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन योजना के तहत संचालित होगी।

****

दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की और आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि गैस सिलेंडरों की नियमित, पारदर्शी और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मध्याह्न भोजन योजना और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थानों में गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

*****समाप्त*****